SUNDAY | 21.09.2025 | आश्विन अमावस्या
विक्रम संवत-2082
उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

महानगर वर्ष 57 : अंक 245 : पृष्ठ : 24+6 : मूल्य : सात रुपये बरेली • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO : 12 MIDDLE

# प्रदर्शनी में 'योगेश्वर' सीरीज रही आकर्षण का केंद्र



रिद्धिमा में लगी कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि। स्रोत : संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। ललित कला केंद्र एसआरएमएस रिद्धिमा में शनिवार को तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी शुरू हुई। ललित कला विभाग की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में बरेली मंडल के कई नवोदित कलाकारों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में कला विभाग के गुरु सौरभ रस्तोगी की तैयार की गई 'योगेश्वर' सीरीज आकर्षण का केंद्र रही।

योगेश्वर सीरीज श्रीकृष्ण के बाल्यकाल से गोलोक गमन तक की कथा का बहुत ही मार्मिक चित्रण किया गया। प्रदर्शनी रविवार व मंगलवार को भी खुली रहेगी। एसआरएमएस की ट्रस्टी आशा मूर्ति और उषा गुप्ता ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 16 अक्टूबर को एक दिवसीय कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. रीता शर्मा, डा. वंदना शर्मा, आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।